98

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Suman Construction & Developer Prop- Suman Singh, (Reg. No. 1210235) Add:- W/O Baban Kumar Singh, Shobha Sadan, Shivaji Path Yarpur Patna, G.P.O Pincode 800001 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–11777 दिनांक 21.11.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 30.12.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

14/01/2026

आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Suman Construction & Developer Prop- Suman Singh, (Reg. No. 1210235) Add:- W/O Baban Kumar Singh, Shobha Sadan, Shivaji Path Yarpur Patna, G.P.O Pincode 800001 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना उपस्थित।

2. प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन Package No. MGSY/24-25/Patna/02 (Tender ID- 141459) की निविदा में संवेदक Suman Construction & Developer Prop- Suman Singh, (Reg. No. 1210235) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/ फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 11777 दिनांक 21.11.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

3. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 30.12.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए संदर्भित निविदा में कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा भूलवश गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड हो जाने के कारण कालीसूची से मुक्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

4. बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 (ड़) में उल्लेखित है कि "दिये गये दण्ड के विरूद्ध संवेदक द्वारा, तीस दिनों के अन्दर विभागीय आयुक्त एवं सचिव/सचिव के समक्ष अपील दायर किया जा सकेगा।" संवेदक को कालीकृत किये जाने संबंधी आदेश निर्गत किये जाने की तिथि 21.11.2025 है एवं उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा अपील दायर किये जाने की तिथि 30.12.2025 है।

5. वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा दिये गये दंड के विरूद्ध दायर अपील, कालबाधित (**Time Barred**) है। साथ ही संवेदक द्वारा **Condonation of delay** के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त संवेदक Suman Construction & Developer Prop- Suman Singh, (Reg. No. 1210235) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन कालबाधित होने के कारण अस्वीकृत करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 11777 दिनांक 21.11.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को यथावत रखा जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दिवेश सेहरा)
सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–266 / 2025 635 / पटना, दिनांक– 15-1-26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/1/26
(संजय कुमार)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–266 / 2025 635 / पटना, दिनांक– 15-1-26

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/1/26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–266 / 2025 635 / पटना, दिनांक– 15-1-26

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

15/1/26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–266 / 2025 635 / पटना, दिनांक 15-1-26

प्रतिलिपिः– संवेदक Suman Construction & Developer Prop- Suman Singh, Add:- W/O Baban Kumar Singh, Shobha Sadan, Shivaji Path Yarpur Patna, G.P.O Pincode 800001 को सूचनार्थ प्रेषित।

15/1/26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–266 / 2025 635 / पटना, दिनांक– 15-1-26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/1/26
सरकार के अपर सचिव